संख्या–cm-26
10/01/2020

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में जमुई में कई विकासात्मक योजनाओं का किया उद्‌घाटन एवं अवलोकन

पटना, 10 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में जमुई जिले के गिद्धौर प्रखंड के ग्राम पंचायत रतनपुर का भ्रमण किया। रतनपुर पंचायत के बानाडीह गांव के गरभु स्थान के निकट कुसमा आहर पर करोड़ों की लागत से कई विकासात्मक योजनाओं का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने यहॉ वन विभाग द्वारा किये गये वृक्षारोपण, मृदा संरक्षण द्वारा नव निर्मित कुएं, उलाय बीयर केनाल जीर्णोद्धार, कुसमा आहर, वन प्रमंडल द्वारा वानिकी तकनीकी का प्रदर्शन, क्षेत्र में जीविका, कृषि, आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र, बिहार जीवित माटी जैविक अभियान केडिया द्वारा पोषक सब्जियों की प्रदर्शनी से जुड़े काउंटर का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजना के लाभुकों को लाभ प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालय बानाडीह परिसर में बने नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय की चाबी रतनपुर पंचायत के मुखिया श्री राजेश सिंह को सौंपी तथा मुखिया श्री राजेश सिंह को स्वच्छ पंचायत, स्वच्छ बिहार अभियान में बेहतर कार्य करने को लेकर बधाई दी।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद, विद्यायक डॉ0 रविन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री श्री दामोदर रावत, पूर्व विद्यायक श्री सुमित कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव कृषि श्री एन0 सरवन कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी जमुई श्री धर्मेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक जमुई डॉ0 एनामुल हक सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******